# नाले में नहाते वक्त तीन मासूम भाइयों की डूबने से मौत

## गांव में पसरा मातम



**शहडोल, देशबन्धु।** नहाने गए तीन भाइयों की नाले में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई है। घटना जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र के रोहनिया गांव की है। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है। जानकारी लगने के बाद मौके पर थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ पहुंचे और मामले की जांच कर रहे हैं। तीनों भाई स्कूल से आने के बाद नाले में नहाने पहुंचे थे, जिसमें डूबने से तीनों की मौत हो गई है।

जानकारी देते हुए सोहागपुर पुलिस ने बताया की थाना क्षेत्र के रोहनिया के केरहाई टोला में यह घटना मंगलवार शाम 6 बजे घटी है। पुलिस के अनुसार मृतकों में दो सगे भाई एवं एक रिश्ते का एक भाई शामिल है। थाना प्रभारी ने तीनों की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि इस घटना में साहिल पिता ब्रजेश यादव (09), शौर्य पिता ब्रजेश यादव (7), शिवम पिता शिवलाल यादव (10) शामिल हैं। तीनों निवासी ग्राम रोहनिया केरहाई टोला थाना सोहागपुर के रहने वाले थे।

पुलिस ने बताया कि तीनों बालक स्कूल से घर वापस लौटे थे, उस दौरान उनके माता-पिता खेत में काम कर रहे थे, जिसका फायदा बच्चों ने उठाया और समीप स्थित स्थानीय नाले में तीनों नहाने चले गए। उस दौरान गांव का ही एक और बच्चा वहां पहले से मौजूद था। ये तीनों जब गहरे पानी में नहा रहे थे, तो पहले से मौजूद बालक ने इन्हें नहाने से मना किया। लेकिन तीनों भाइयों ने उसकी बात नहीं मानी और नहाते-नहाते गहरे पानी में चले गए। इसमें डूबने से तीनों की मौत हो गई है। पहले से मौजूद बालक ने इन्हें डूबता देखा और गांव में आकर इसकी जानकारी दी। जिसके बाद गांव के लोग मौके पर पहुंचे तो तीनों डूब चुके थे। मामले की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों भाइयों के शव को नाले से बाहर निकलवाकर अपने कब्जे में ले लिया है। घटना के बाद से ही गांव में मातम फसरा है। थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पांडे ने बताया कि मामले पर मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। जिन तीनों की मौत हुई है उसमें दो सगे भाई एवं एक रिश्ते का भाई शामिल है। घटना गांव के नाले में हुई है।

## राष्ट्रीय मछुआ दिवस आज

**पन्ना, देशबन्धु।** भारत सरकार के निर्देशानुसार इस वर्ष भी 10 जुलाई को राष्ट्रीय मछुआ दिवस का आयोजन किया जाएगा। गुरूवार को बेनीसागर तालाब परिसर स्थित सहायक संचालक मत्स्योद्योग कार्यालय में दोपहर 12 बजे कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर मछुआरों और मत्स्य कृषकों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। कार्यक्रम में शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी।

## अधीक्षक भू-अभिलेख को सौंपा पवई तहसीलदार का प्रभार

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने प्रभारी तहसीलदार पवई प्रीति पंथी को भारमुक्त किए जाने के फलस्वरूप प्रशासकीय कार्य सुविधा के दृष्टिगत तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक प्रभारी अधीक्षक भू-अभिलेख त्रिलोक सिंह पोषाम को तहसीलदार पवई एवं वृत्त कल्दा का प्रभार सौंपा है।

# वनसुकली में नर भालू की मौत



**शहडोल, देशबन्धु।** वनपरिक्षेत्र अमझोर अंतर्गत वनसुकली में एक नर भालू की मृत अवस्था में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलते ही वन अमला मौके पर पहुंच गया और भालू के शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, भालू की मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रारंभिक जांच में आकाशीय बिजली के चपेट में आने का संदेह व्यक्त किया जा रहा है। मंगलवार सुबह, वनसुकली बीट के राजस्व क्षेत्र में स्थानीय निवासियों ने भालू के शव को देखा और इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंचे वन परिक्षेत्र अधिकारी तरुणेन्द्र सिंह ने बताया कि भालू के शव को कब्जे में लेकर डॉग स्क्वॉड की मदद से आस-पास सर्चिंग कराई गई है। भालू के सभी अंग सुरक्षित पाए गए हैं और शिकार के कोई निशान नहीं मिले हैं। इस घटना ने वन्यजीवों की सुरक्षा और संरक्षण के मुद्दे को एक बार फिर से सामने ला दिया है।

अमझोर वन मंडल की टीम ने यह सुनिश्चित किया है कि भालू के शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा, जिससे मौत के सही कारणों का पता लगाया जा सके। तरुणेन्द्र सिंह ने आगे कहा कि प्रारंभिक जांच में ऐसा प्रतीत होता है कि भालू बिजली गिरने से मारा गया हो, लेकिन पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट होगा।

**एक माह में दो भालुओं की मौत-** ब्यौहारी के गोदवाल वन परिक्षेत्र में बीते दिनो भालू की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया था। वह घटना को एक माह भी नहीं बीते अब दूसरे भालू की मौत ने वन विभाग की गस्त पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## सार-समाचार

### फिर चर्चा में ब्यौहारी की मंडल अध्यक्ष 12 जुलाई को होगी घोषणा

**ब्यौहारी, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा के बाद संगठन प्रदेश में सुचारू रूप से चलने लगा ऐसे में शहडोल जिन मंडलों की घोषणा नहीं हुई थी उसमे ब्यौहारी- का भी नाम है ब्यौहारी मंडल अध्यक्ष के दावेदार फिर से भाग दौड़ शुरू कर चुके हैं अभी भी आस लगाए हुए हैं की मंडल अध्यक्ष का पद हमें मिलने वाला है और अपने आकाओं के पास दौड़ लगाना शुरू कर दिया है ब्यौहारी मंडल की दावेदारी में अजय गुप्ता देवगांव जो ग्रामीण क्षेत्र से आते हैं और इस बार दावेदारी कर रहे हैं भाजपा के पुराने कार्यकर्ता हैं पालक संयोजक भी रह चुके शक्ति केंद्र प्रभारी भी रह चुके हैं अजय गुप्ता का कहना है कि पार्टी मुझे मौका देती है तो मैं पार्टी का काम निष्ठा से करेंगे और मैं पार्टी का काम पूरे मनोयोग से करूंगा।

### छात्रावासों में स्वीकृत सीट के विरुद्ध विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित करें

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में जिले के समस्त शासकीय छात्रावास एवं आश्रम अधीक्षकों की बैठक ली। इस मौके पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के बालक एवं कन्या छात्रावासों में स्वीकृत सीट संख्या के विरूद्ध पात्र विद्यार्थियों का शत प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला संयोजक आर.के. सतनामी एवं क्षेत्र संयोजक जय प्रताप भदौरिया भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री कुमार ने बैठक में कहा कि सभी छात्रावासों में रिक्त सीट की उपलब्धतानुसार प्रवेश से वंचित व छूटे हुए जरूरतमंद छात्र-छात्राओं के दाखिले के संबंध में जारी निर्देशों का पालन कर एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेकर जिम्मेवारी के साथ कार्य करें। छात्रावासों में छोटे-छोटे कार्यों जैसे शौचालय एवं स्नानागार की साफ-सफाई, छत एवं फर्श तथा विद्युत मरम्मत इत्यादि को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराया जाए। विद्यार्थियों को सुविधाजनक माहौल में अध्ययन की सुविधा के दृष्टिगत वृहद कार्यों के संबंध में शैक्षणिक संस्था प्रमुख के माध्यम से जरूरी प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि कुछ नवीन छात्रावासों में वर्षाकाल में पहुंच मार्ग की स्थिति की जानकारी भी प्रस्तुत करें।

इसके अलावा गत वर्ष में छात्रावासों को प्रदत्त राशि से कराए गए कार्यों का उपयोगिता प्रमाण पत्र भी तत्काल प्रस्तुत करने के लिए कहा। जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी अधीक्षक बरसात में छात्रावास भवन के छत व दीवार का निरीक्षण कर बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक उपाय करें एवं सावधानी बरतें। ऐसे मामलों को तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में भी लाएं। विद्यार्थियों की समस्याओं के निराकरण के लिए राजस्व अधिकारियों का भी सहयोग प्राप्त करें। साथ ही विभागीय स्तर पर समन्वय के साथ जरूरी सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में वर्ष 2024-25 के परीक्षा परिणाम तथा कोचिंग व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने जिम्मेवारी के साथ पढ़ाई की गुणवत्ता का ध्यान रखने की बात कही।

### उमरिया में रोजगार मेला 18 जुलाई को

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 18 जुलाई को रानी दुर्गावती सामुदायिक भवन में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। जिला रोजगार अधिकारी अमन दुबे ने बताया कि मेले में 10 प्रमुख कंपनियां भाग लेंगी। इनमें निप्पोन मल्टीसर्विस हिरिंग, सागर मेन्युफेक्चेरिंग कंपनी, मोबाइल पे और भीलवाड़ा टेक्साटाईल कंपनी शामिल हैं। साथ ही वर्धमान यान मंडीदीप भोपाल, प्रगतिशील बायोटेक सतना, एसआईएस सुरक्षा गार्ड, एलआईसी उमरिया, रिलायंस निप्पोन और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी भी युवाओं का चयन करेंगी। रोजगार मेले में भाग लेने वाले युवाओं को अपने साथ पासपोर्ट साइज फोटो और सभी जरूरी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति लेकर आना होगा।

### गुरु पूर्णिमा पर दादिया रक्तांबर पीठ मे होगा भंडाराऔर संगीतमय प्रवचन

**लालबर्रा, देशबन्धु।** तहसील मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर दूरी स्थित ग्राम दादिया में रक्तांबरा पीठ द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवार के दिन विशाल भंडारा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पंडित राजेश दुबे द्वारा संगीतमय प्रवचन दिया जाएगा। विदित हो की यह पर्व आषाढ़ मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है जिस दिन हिंदू धर्म के महान गुरुओं में से एक वेदव्यास का जन्म दिवस आता है एक प्रकार से यह गुरुओं को समर्पित पर्व है।

# उमरिया के जंगल में पांच साल बाद दिखे चार हाथी

## वन विभाग ने ग्रामीणों को खेत न जाने की दी सलाह, टीमें कर रही निगरानी

**उमरिया,देशबन्धु।** उमरिया जिले के सामान्य वन मंडल के घुनघुटी परिक्षेत्र में जंगली हाथियों की पुन: मौजूदगी दर्ज की गई है। मंगलवार रात से ही वन विभाग अलर्ट हो गया है। यह हाथी अनूपपुर जिले की सीमा से होते हुए हथपूरा गांव के पास के जंगलों में दाखिल हुए हैं।

वन विभाग ने बढ़ाई सतर्कता-वन मंडल अधिकारी विवेक सिंह के नेतृत्व में वन अमले की टीमें लगातार गश्त और निगरानी कर रही हैं। परिक्षेत्र अधिकारी अर्जुन सिंह ने बताया कि बुधवार सुबह जंगल में हाथियों के ताजे पगचिह्न पाए गए हैं।

टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि हाथियों को गांव की ओर बढ़ने से रोकें और यदि आवश्यक हो तो सावधानीपूर्वक उन्हें वापस जंगल की ओर खदेड़ें। करीब पांच साल बाद हाथियों की फिर से घुनघुटी क्षेत्र में वापसी

घुनघुटी क्षेत्र बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से जुड़ा हुआ है और यहां वन्यजीवों की गतिविधि बनी रहती है, लेकिन करीब पांच



वर्षों के अंतराल के बाद यहां फिर से हाथियों की मौजूदगी दर्ज की गई है। इससे पहले इन विशालकाय जीवों को मोर्चा फाटक क्षेत्र में देखा गया था।

**ग्रामीणों को मुनादी के जरिए दी जा रही चेतावनी**-हथपूरा और आसपास के गांवों में मुनादी कर ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। वन विभाग की ओर से कहा गया है कि लोग खेतों में रात न बिताएं, विशेषकर कच्चे मकानों में न रुकें, और यदि हाथी नजर आएं तो सीधे विभाग को सूचना दें।

# चार साल की मासूम की कुएं में डूबने से मौत

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के जैतपुर के बिरौड़ी में 4 साल की पारुल अगरिया की कुएं में डूबने से मौत हो गई। यह घटना उस समय घटी जब उसके माता-पिता खेत में काम कर रहे थे और बच्ची पास में ही खेल रही थी। खेलते-खेलते पारुल अचानक कुएं में गिर गई, जिससे उसकी जान चली गई।

पुलिस के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब पारुल के माता-पिता खेत में रोपाई कर रहे थे। उनका ध्यान बच्ची पर था, लेकिन खेलते हुए वह कुएं के नजदीक पहुंच गई और उसमें गिर गई। कुएं से तेज आवाज सुनकर माता-पिता और आस-पास के अन्य लोग दौड़े, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। पुलिस ने बताया कि जब तक पारुल को कुएं से बाहर निकाला गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कहा कि यह एक बेहद दुखद घटना है। हम मामले की जांच कर रहे हैं। इस हादसे ने बिरौड़ी गांव में शोक का माहौल बना दिया है। पारुल के माता-पिता गहरे सदमे में हैं। पारुल की मां ने कहा, हमने कभी नहीं सोचा था कि खेलते-खेलते हमारी बेटी हमें छोड़ देगी। इस घटना ने हमारी जिंदगी को हमेशा के लिए बदल दिया है। थाना प्रभारी जैतपुर जिया उल हक ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# कलेक्टर ने प्रदान की अनुकम्पा नियुक्ति



**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने आज कलेक्टर कक्ष में शाहनगर तहसील के ग्राम अतरहाई भरवारा निवासी अभिषेक प्रताप सिंह को राजस्व विभाग में रिक्त सहायक ग्रेड 3 के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की। स्कूल शिक्षा विभाग में प्रधानाध्यापक रहे महराज सिंह की मृत्यु पर आश्रित पुत्र को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान कर तहसील कार्यालय पवई में पदस्थ किया गया है। जिला कलेक्टर द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग के 29 सितम्बर 2014 को जारी परिपत्र तथा स्कूल शिक्षा विभाग के 6 अक्टूबर 2023 के पत्र के परिपालन में अन्य विभाग में संबंधित पद पर नियुक्ति के लिए अनापत्ति प्रदान करने एवं गठित समिति द्वारा परीक्षण के उपरांत अनुकम्पा नियुक्ति की गई है।

# जुआरियों को बुढार पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के बुढार थाना क्षेत्र के छादा जंगल में जुआ खेल रहे जुआरियों को बुढार पुलिस ने गिरफ्तार कर नगद रुपए एवम एक दर्जन से अधिक बाइक जप्त कर कार्यवाही को अंजाम दिया है। कई दिनों से यहां जुआ फड़ संचालित हो रहा था, लोगों की सूचना पर पुलिस ने कार्यवाही की है। पांच जुआरियों के कब्जे से 3250 नगद रुपए बरामद हुए है। कुल मशरूका की कीमत पांच लाख से अधिक है। बुढार पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के छादा जंगल में स्थित तालाब के समीप आम के पेड़ के नीचे ताश के पत्तों में लोग हार जीत का दाव लग रहे थे, कई दिनों से जुआरी इस क्षेत्र में फंड संचालित किए हुए थे। स्थानीय लोगों ने मंगलवार पुलिस को सूचना दी थी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने चारो तरफ से घेरा बंदी कर जुआरियों को पकड़ा है।

# जहरखुरानी के एक शातिर आरोपी को आरपीएफ ने किया गिरफ्तार

**शहडोल, देशबन्धु।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने जहरखुरानी के एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया। 3 जुलाई को भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस ट्रेन में गीता बाई रजक नामक महिला अपने परिजनों के साथ यात्रा कर रही थीं, तब उन्हें बेहोश करने के बाद उनके गहने चोरी कर लिए गए।

महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपी ने पहले उनसे दोस्ती की और फिर चाय में नींद की दवा मिलाकर उन्हें बेहोश कर दिया। जब वे बेहोश हो गईं, तो आरोपी ने उनके गले से सोने का मंगलसूत्र चुरा लिया और उमरिया रेलवे स्टेशन पर उतर गया। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए, पीड़िता ने शहडोल जीआरपी थाने में 8 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई।

आरपीएफ के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त बिलासपुर, दिनेश सिंह तोमर के मार्गदर्शन में आरपीएफ की टीम ने तत्परता से कार्रवाई की। उन्होंने रेलवे स्टेशनों और नजदीकी होटलों के फुटेज की जांच की। इसके अलावा, पुराने जहरखुरानों की गतिविधियों का पता लगाने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। इस दौरान टीम ने आरोपी का मोबाइल नंबर ट्रेस करते हुए उसकी लोकेशन का पता लगाया और बुधवार को शहडोल रेलवे स्टेशन पर आरोपी राजेश अरोरा को गिरफ्तार किया। आरोपी की उम्र 56 वर्ष है और वह गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश का निवासी है। पूछताछ के दौरान, उसने स्वीकार किया कि उसने यात्रा के दौरान गीता बाई को चाय में नींद की गोली मिलाकर दी और उन्हें बेहोश करने के बाद चोरी की गई संपत्ति के साथ भाग गया। गिरफ्तारी के बाद, जहरखुरानी के कब्जे से चोरी किया हुआ मंगल सूत्र बरामद किया गया, जिसकी कीमत एक लाख रुपये से अधिक होने का अनुमान है। शहडोल आरपीएफ प्रभारी ने बताया कि इस प्रकार के अपराधों की रोकथाम के लिए लगातार विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं।

# बालाघाट जिला अस्पताल में चोरी, ट्रामा सेंटर से आठ लाख के इंजेक्शन गायब

**बालाघाट, देशबन्धु।** जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में सोमवार रात एक बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर ने अस्पताल के दवा स्टोर रूम में सेंध लगाते हुए फैक्टर-8 इंजेक्शन के चार कार्टून (43 डब्बे) चुरा लिए, जिनकी कुल कीमत लगभग 8 लाख रुपए बताई जा रही है।

इस चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें आरोपी हमालों की मदद से इंजेक्शन के डब्बे ले जाते हुए नजर आ रहा है। जब अस्पताल की कर्मचारी मनोरमा नागेश्वर और एक सुरक्षा गार्ड ने चोर को रोकने की कोशिश की, तो उसने उन्हें धक्का देकर वाहन से घसीटते हुए मौके से भागने में कामयाबी हासिल कर ली।

सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन ने बताया कि चोर ने बड़ी चालाकी से स्टाफ बनकर गार्ड को गुमराह किया और ट्रामा सेंटर के स्टोर रूम का




ताला तोड़कर सीधे अंदर घुस गया। स्टोर से उसने फैक्टर-8 इंजेक्शन के चार बड़े कार्टून निकाले और फरार हो गया। डॉ. जैन के मुताबिक, जिस तरह से चोरी को अंजाम दिया गया है, उससे लगता है कि चोर को अस्पताल की गतिविधियों और दवा भंडारण की पूरी जानकारी थी। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि चोरी में किसी अंदरूनी व्यक्ति की भूमिका हो सकती है।

फैक्टर-8 एक बेहद महंगा और दुर्लभ इंजेक्शन होता है, जिसका उपयोग जन्मजात रक्तस्राव विकार (हीमोफीलिया) से पीड़ित मरीजों के इलाज में किया जाता है। इसकी कीमत हजारों में होती है और यह सरकारी स्टोर में सीमित मात्रा में उपलब्ध होता है।

घटना के बाद कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। अस्पताल प्रबंधन ने भी ट्रामा सेंटर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए सख्त कदम उठाने की बात कही है।

# छात्रों को बंटने वाली थी साइकिलें, पहले ही हो गई चोरी, प्रिंसिपल पर चोरी का आरोप

**सिंगरौली, देशबन्धु।** वैसे तो आपने चोरी की घटनाएं कई सारी सुनी होंगी, लेकिन ये चोरी कुछ खास है। इस बार चोर का आरोप किसी और पर नहीं बल्कि एक सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल पर लगा है। आरोप है कि उन्होंने सिंगरौली जिले के एक सरकारी स्कूल से साइकिलें चोरी कर ली हैं। यह साइकिलें एमपी सरकार की योजना के तहत छात्रों को दी जाने वाली थीं। फिलहाल पुलिस ने जिले के खैरा गांव मे छापेमारी कर 23 साइकिलें बरामद की हैं।

दरअसल मामला सिंगरौली जिले के शासकीय हाईस्कूल खटाई का है। आरोप है कि स्कूल के प्राचार्य जयकांत चौधरी ने तीन माह पहले स्कूल से साइकिलें चोरी कर खैरा गांव के एक व्यक्ति के यहां छिपा दीं। तीन माह बाद जैसे ही साइकिलें बेचने का प्लान बनाया, पुलिस को इसकी भनक लग गई। पुलिस ने खैरा गांव के एक व्यक्ति के यहां से 23 साइकिलें बरामद की हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच



शुरू कर दी है। मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग में भी हड़कंप मच गया है, इस तरह की चोरी का यह कोई पहला मामला नहीं है। इसके पहले भी इस जिले में इस तरह के मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन उन मामलों में कोई भी कार्यवाही नहीं हुई थी। जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह ने कहा कि साइकिलें गैर कानूनी तौर से बेचने की नीयत से रखी गई थीं। प्राचार्य के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी।